नीरद सी चौधरी	आटोबायोग्राफी ऑफ एन अननोन इडियन ए पेसेज टू इंग्लेंण्ड कांटिनेंट ऑफिसर्स हिन्दुइज्म	**नयनतारा सहगल**	ए वायस ऑफ फ्रीडम, प्रिजन एड चाकलेट केक
नानक सिंह	इक म्यान दो तलवारा ,पवित्र	**वी0 पी0 सिंन्हा एवं**	न्युक्लियर पाकिस्तान

	पापी	**सुब्रह्मण्यम**	
रवीन्द्रनाथ टैगोर	गीतांजति, गोरा गार्डनर, पोस्ट ऑफिस, चित्रा, क्रिसेंट मून, द रेंक, होम एंड वर्ल्ड, द किंग ऑफ डार्क चैम्बर, राज ऋषि, विसर्जन, हंग्री स्टोन, द कोर्ट डान्सर ,	**आर0 के0 नारायण**	द गाइड, मिस्टर सम्पत, द वेन्डर ऑफ स्वीट्स, द मैन ईटर्स ऑफ मालगुडी, ए टाइगर फॉर मालगुडी, माई डेज मालगुडी पेंटर ऑफ सांईस
पं0 रविशंकर	माई म्यूजिक, माई लाइफ	**रामधारी सिंह**	उर्वशी, कुरूक्षेत्र, रश्मिरथी, संस्कृति के चार अध्याय
रामचन्द्र शुक्ल	चिंतामणि	**राजेन्द्र सिंह बेदी**	एक चादर मैली सी
आर0 सी0 दत	जीवन प्रभात, **समाज, संसार**	**सरोजिनी नायडू**	ब्रोकेन विंग, सांग आफ इंडिया , गोल्डेल थ्रेसहोल्ड, द सेप्टर्ड फ्लूट वर्ड ऑफ टाइम ,
शरत चंन्द्र चट्टोपाध्याय	देवदास, गृहदाह ,चरित्रहीन, जागरण , शेष प्रश्न,	**सुमित्रानंदन पंत**	युगवाणी, ग्राम्या, युगान्त, तारापथ, चिदम्बरा,
सुर्यकान्त त्रिपाठी निराला	परिमल, जुही की कली, कुकुरमुता,	**सच्चिदानन्द हीरानन्द**	नदी के द्वीप, कितनी नावों में
वात्स्यान ' अज्ञेय'	कितनी बार , शेखर एक जीवनी	**सुभद्रा कुमारी चौहान**	झाँसी की रानी
सुभाष चन्द्र बोस	एन इंडियन पिलग्रिम, द इडियन स्ट्रगल	**सुनील गावस्कर**	सनी डेज, आयडियल्स
सरिता बन्धु	कन्यादान	**स्वामी दयानंद**	सत्यार्थ प्रकाश
उपेन्द्र नाथ ' अश्क'	जय–पराजय	**विक्रम सेठ**	एन ईक्वल म्यूजिक, ए स्यूटेबल बॉय, टू लाइवज,
वी0 वी0 गिरी	जॉब फॉर ऑवर मिलियन्स	**वी0 एस0 नॉयपाल**	ए लैंड इन द रिवर, ए एरिया ऑफ डार्कनेस, एमंग द बिलीवर्स, इडियां ए वून्डेड, सिविलाइजेशन गूरिल्ला
वीर सावरकर	वार ऑफ इंडियन इडिपेंन्डेंस	**तस्लीमा नसरीन**	लज्जा उतल हवा, फ्रेंच लवर, मेरे बचपन के दिन
	नवीनतम पुस्तकें		
दलाई लामा	बियोंड रिलीजन :एथिक्स फॉर ए होल वर्ल्ड	**ब्रेट ली**	माई लाईफ
अभिनव बिंद्रा	ए शॉट एट हिस्ट्री	**डॉन फुलसम**	निक्सन्स डार्केस्ट सीक्रेट्स
ममता बनर्जी	माई अनफॉरगेटेबल मेमोरीज	**पवन कुमार वर्मा**	व्हेन लॉस इज गेन
टी0आई0ई0चैन्नई (चैन्नई का एक एनजीओ)	ड्रीम टू डेस्टिनी–द ड्राइविंग स्प्रिट ऑफ चैन्नईज इंटरप्रेन्यूर्स	**ई0 एन0 दत्ता**	द ट्रिब्यून 130 ईयर्स : अ विटनेस टू हिस्ट्री
जुनियन बर्न्स	द सेंस ऑफ एन एंडिंग	**कोंडोलीजा राइस**	नॉ हायर ऑनर्स

गेर्राड विलियम्स और सिमोन इंस्टन	ग्र वुल्फ– द एस्केप ऑफ एडोल्फ हिटलर	**शोयब अख्तर**	कंट्रोवर्शियली योर्स
अरविंद	एक्लिप्सः लिविंग इन शैडो ऑफ	**सुब्रमनियम**	चाइनाज इकोनॉमिक डेमिनेंस
ग्रेग चेप्पल	फियर्स फोकस	**दीप्ति नवल**	द मैड टिबेटन– स्टोरीज फ्रॉम देन ऐंड नाउ
सी.के . प्रहलाद एवं गैरी हमेल	कम्पीटिंग फॉर फ्यूचर	**चार्ल्स हैंडी**	द बेस्ट ऑफ अनरीजन
डेरिल हेयर	द बेस्ट इंटरस्ट्स ऑफ द गेम	**सतीश शर्मा**	पाकिस्तान की हकीकत से रूबरू
इमरान खान	इमरान वर्सेस इमरानः द अन्टोल्ड स्टोरी	**खुशवंत सिंह**	टर्बड टोरनैडो
सुरेश डी. तेंदूलकर	रीइंटीग्रेटिंग इंडिया विद द वर्ल्ड इकोनॉमी	**सुरेश डी. तेंदूलकर**	अंडरस्टैडिंग रिफॉर्म्स
एस0 वाई0 कुरैशी	ओल्ड डेल्ही लिविंग ट्रेडिशन	**रजना सिन्हा**	नॉट मेड इन हेवन
इरविन एलन सीलो	द ट्रॉटर नामा	**अमिताभ घोष**	रीवर ऑफ स्मोक
एंड्रयू स्ट्रॉस	विनिंग द एशेज डाउन अंडरः द कैप्टेंस स्टोर	**प्रणव मुखर्जी एवं अन्य विशेषज्ञ**	द सेंटिनरी हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल कांग्रेस
इवान इल्यीच	एनर्जी एंड इक्विटी	**जोसेफ लेलीवेल्ड**	स्ट्रगल विद इंडिया
विकास कुमार झा	मैक्लूस्कीगंज	**सिद्धार्थ मुखर्जी**	द एम्पेरर ऑफ आल मेलेडीज : ए बायोग्राफी ऑफ कैसर
जेनिफर	ए विजिट फ्रांम द गॉन स्क्वाड	**प्रो. एस. एल. भैरप्पा**	मंद्र
मैल्कम स्पीड	स्टिमी विकेट	**डॉ0 करण सिंह**	कश्मीर एंड बियोन्ड 1966–84
एम0 एस0 स्वामीनाथन	फ्रॉम ग्रीन टू एवरग्रीन रिवोल्यूशन : इंडियन एग्रीकल्चर परफॉर्मेंस एंड चैलेंजेज	**क्लाइव जार्ज**	द टुथ एबाउट ट्रेंड : द रियल इंपैक्ट लिबरलाइजेशन
जूही सिन्हा	बिस्मिल्लाह खानः द माइस्ट्रो फ्रॉम बनारस	**अंजुम चोपडा एवं सुनील यश कालरा**	वीमेंस क्रिकेट वर्ल्ड
सीता ब्रह्मचारी	आर्टीचोक हर्ट	**जेरोमे माइडा**	मार्क जुकेरबर्ग : क्रिएटर आफ फेसबुक
जयंत लेले	व्हेन आई वाज देयर	**के0 पी0 सिंह**	वॉटएवर दी आड्सः द इंक्रिडिबल स्टोरी बिहांइड डीएलएफ
आकाश चोपडा	आउट ऑफ द ब्ल्यू : राजस्थांस रोड टू रणजी ट्रॉफी	**जोगेंदर सिंह**	सीबीआई एंड 2–जी

संयुक्त राष्ट्र संघ

- संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर , 1945 को हुई थी । इसका प्रधान कार्यालय न्यूयॉर्क में है। और इसके सदस्यों की वर्तमान संख्या 193 है।
- अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी, अरबी, और स्पेनिश, संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यालय की भाषाएं है। जबकि कार्यकारी भाषाएं अंग्रेजी और फ्रेंच है।
- संयुक्त राष्ट्र के ध्वज की पृष्ठभुमि हल्की नीली है। और उस पर श्वेत रंग से राष्ट्र संघ का प्रतीक बना हुआ है। यह प्रतीक – दो जैतून की वक्राकार शाखाएं जो ऊपर से खुली है। और उनके बीच में विश्व का मानचित्र बना है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता का द्वार उन सभी शांतिप्रिय राष्ट्रों के लिए खुला है। जो जिम्मेदारियों को स्वीकार करें और संघ के चार्टर में विश्वास रखतें हों । नये शामिल देशों में वर्ष 2011 में दक्षिण सुडान 193 वां सदस्य बना

संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग

- **महासभा(General Assembly)-**
- यह संयुक्त राष्ट्र संघ का एकमात्र अंग है। जिसमें संघ्ङ्ग के सभी सदस्य देशों को सदस्यता प्राप्त है। एवं इन्हें समान मताधिकार दिया गया है। इसका अधिवशिन वर्ष में कम से कम एक बाद अवश्य बुलाया जाता है। जो सामान्यतः सितम्बर माह में न्यूयॉर्क में होता है। महासभा को शान्ति ,सुरक्षा एवं सहयोग से सम्बधित महत्वपुर्ण कार्यो का दायित्व प्रदान किया गया है।
- **सुरक्षा परिषद (Security council)-**
- सुरक्षा परिषद विश्व शान्ति एवं सुरक्षा से सम्बन्धित संयुक्त राष्ट्र संघ के दायित्वों को पूरा करने वाली आदेशात्मक संस्था है। इसके पांच स्थायी सदस्य है। अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस तथा रूस । जब तक सुरक्षा परिषद का अस्तित्व है। तब तक इन पांचों की स्थायी सदस्यता बनी रहेगी । सुरक्षा परिषद के दस अस्थायी सदस्य भी होते है। जिन्हें महासभा द्वारा दो वर्षों के लिए चुना जाता है। अस्थायी सदस्यों में सामान्यतः पांच अफ्रीकी एशियाई देशा से , दो लटिन अमेरिका, दो पश्चिमी यूरोप तथा एक पूर्वी यूरोप से चुना जाता है। अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के कम से सभी देश एक–एक मास के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करते है। सुरक्षा परिषद के प्रत्येक स्थायी सदस्य को निषेधाधिकार (Veto)प्राप्त होता है। इस व्यवस्था के अनुसार यदि पांच स्थायी सदस्यों में से कोई एक भी किसी महत्वपुर्ण निर्णय के विपक्ष में वोट दे देता है। तो वह विषय अस्वीकृत समझा जाएगा ।
- **आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (Economic And Social Council)-**
- इस परिषद के 54 सदस्य है। इसके कार्यो में युद्व एवं शस्त्र की राजनीति को छोडकर अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के सभी विषय आते है। यह आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा तथा स्वास्थ्य से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं का अध्ययन कर उन पर रिपोर्ट तैयार करती है। तथा उनसे सम्बन्धित सुझाव महासभा एवं अन्य सम्बन्धित संस्थाओं को भेजती है।

- **अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय(International Court of Justice)-**
- इस न्यायालय में 15 सदस्य होते है। जो महासभा एवं सुरक्षा परिषद द्वारा निर्वाचित किये जाते है। इसका मुख्यालय हेग(नीदरलैण्ड) में है। अन्तर्राष्ट्रीय विधि के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त व्यक्ति ही न्यायाधीश के रूप में चुने जाते है। न्यायाधीशें का कार्यकाल 9 वर्षो का होता है। पर उनके दोबारा चुने जाने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। यह न्यायालय किसी विवाद के विषय पर विवादग्रस्त देशों द्वारा मामला उपस्थित किये जाने पर उसके सम्बन्ध में निर्णय देता है।
- **न्यास परिषद(Trusteeship Council)-**
- इस परिषद के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र का उन राष्ट्रों के प्रशासन एवं सुरक्षा से सम्बन्धित दायित्व स्पष्ट होता है। जो द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात भी स्वतंत्र नहीं हो पाये । इसमें 11 राज्य रखे गये, जिनमें ब्रिटिश टोबोलैण्ड, फ्रांसीसी टोबोलैण्ड, कैमरून, सोमालीलैण्ड, टंगानिका, पश्चिम समोआ आदि को स्वतंत्रता प्राप्त हो चुकी है।
- **सचिवालय(Secretariat)-**
- यह संयुक्त राष्ट्र का प्रशासनिक अंग है। सचिवालय में एक महासचिव तथा अन्य कर्मचारी होते है। महासचिव की नियुक्ति 5 वर्षो के लिए परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा की जाती है। घाना के कोफी अन्नान 1997 से अब तक संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव है।

- **संयुक्त राष्ट्र संघ के विशिष्ट अभिकरण**

- **संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान तथा सांस्कृतिक संगठन(UNESCO)-**
- यूनेस्को की स्थापना नवम्बर,1946 में हुई थी और इसका मुख्यालय पेरिस(France)में है। यह संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक गतिविधिओं की सर्वप्रमुख संस्था है। जिसका उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के प्रसार तथा राष्ट्रों के बीच बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग के माध्यम से मानव सभ्यता एवं संस्कृति के विकास में योगदान देना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक(World Bank)-**
- इसकी स्थापना 1944 ई में ब्रिटेन वुट्स कॉन्फ्रेस के साथ की गयी, जो विश्व के धनी एवं निर्धन देशों का प्रथम सम्मेलन था इसका मुख्यालय वांशिगटन डी0 सी0 में है। जिसे हम विश्व बैंक कहते है। वह वस्तुतः चार संस्थाओं का समूह है। ये है –
  - 1945 में स्थापित ' अन्तर्राष्ट्रीय पुननिर्माण और विकास बैंक'
  - 1956 में स्थापित ' अन्तर्राष्ट्रीय वित निगम '
  - 1916 में स्थापित ' अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ' और
  - 1988 में स्थापित ' मल्टीलेटरल निवेश गारन्टी एजेन्सी ।
- विश्व बैंक का प्रधान उद्देश्य पूंजी निवेश नियोजन की सुविधा देकर सदस्यों के प्रदेशों के पूनर्निर्माण एवं विकास में सहायता देना है। यह निजी विदेशी पुंजी नियोजन को प्रोत्साहन देता है और सदस्य राज्यों को

निजी पुंजी उपलब्ध न होने पर उन्हें ऋण देता है। यह सदस्य राज्यों की आर्थिक सुविधाओं के विकास के लिए धन उधार देता है। वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 188 है।

- **अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)-**
- इसकी स्थापना दिसम्बर1945 में हुई और इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी0 सी0 में है। वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 188 है।
- इसकी स्थापना विश्व के विभिन्न राष्ट्रों के बीच मौद्रिक सहयोग का ज्वलन्त उदाहरण है।
- इसके प्रमुख उदेश्य है :– 1. अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग की उन्नति करना 2. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढाना 3. विनिमय दरों को स्थायी बनाना, 4. अन्तर्राष्ट्रीय भुगतानों के अन्तरों की विषमता को दूर करना, 5. अन्तर्राष्ट्रीय भुगतान असन्तुलन को कम करना और 6. लाभ के कामों में पूंजी लगाना ।
- **अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन(ILO)-**
- इसकी स्थापना प्रथम विश्व युद्ध के बाद 11 अप्रेल 1919 को हुई थी तथा इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है। यह संगठन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिकों की स्थिती में सुधार करने , जीवन स्तर उन्नत करने और आर्थिक तथा सामाजिक शान्ति बनाये रखने की कोशिश करता है। यह विश्व में श्रमिक, मालिक और सरकार के त्रिविद सहयोग का प्रयत्न करने वाला सबसे बडा संगठन है।
- **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)-**

  इसकी स्थापना 1943 में हुई और इसका मुख्यालय रोम (इटली) में है।

  इसका उदेश्य विश्व में खाद्यानों की आपूर्ति को सुधारना है। जिसके लिए यह कृषि योग्य आवश्यक उपकरणों एवं तकनीकों के प्रसार को आवश्यक समझता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन(WHO)-** इसकी स्थापना 1948 में की गयी तथा इसका मुख्यालय जेनेव (स्विट्जरलैण्ड) में है। इसका उदेश्य संपूर्ण विश्व के लोंगों को स्वास्थ्य का उतम स्तर प्राप्त कराना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय वित निगम(IFC)-**

  इसकी स्थापना जुलाई 1956 में हुई तथा इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी0 सी0 में हें यद्यपि यह संस्था विश्व बैंक से निकट रूप से सम्बद्ध है तथापि यह एक प्रथक ईकाई है। इसका उदेश्य विकासशील राज्यों में निजि उद्योंगों को वितीय सहायता देना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (IAEA)-**

  यह संस्था जुलाई 1957 में अस्तित्व में आई और इसका मुख्यालय वियना(आस्ट्रिया) में है। इसका उदेश्य परमाणु ऊर्जा का प्रयोग शांति एवं विकास कार्यो में करने के लिए प्रेरित करना है। यह समय–समय पर परीक्षा करता रहता है। की परमाणु ऊर्जा का दुरूपयोग विध्वंसात्मक कार्यों में न किया जाए ।
- **संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन(UNIDO)-**

  इसकी स्थापना 1967 में हुई और इसका मुख्यालय मांट्रियल (कनाडा) में है। इसका उदेश्य अन्तर्राष्ट्रीय सहमति को स्थापित करना एवं उनमें सहयोग को बढावा देना है।
- **विश्व डाक संघ(WPU)-**

- इसकी स्थापना 1974 में की गई थी । और इसका मुख्यालय बर्न(स्विट्जरलैण्ड) में है। इसका उदेश्य अन्तर्राष्ट्रीय डाक व्यवस्था में सुधार करना तथा उसे अधिक सक्षम बनाना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)-**
- इसकी स्थापना 1934 में की गई और इसका मुख्यालय जेनेवा(स्विट्जरलैण्ड) में है। इस संघ का उदेश्य टेलीफोन, रेडियो, एवं दूरसंचार के अन्य साधनों के प्रयोग का समन्वय करना है। एवं उनकी लागत, सुरक्षा एवं कार्यान्वयन को एक सामान्य रूप प्रदान करना है।
- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन(WMO)-**
- इसकी स्थापना 1951 में हुई और इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है। इसका उदेश्य मौसम के अध्ययन में विकसित विधियों का प्रयोग करना एवं मौसम पर सूचना के सामान्य प्रतिमान स्थापित करना है।
- **संयुक्त राष्ट्र संघ अन्तर्राष्ट्रीय शिशु आपात कोष(UNICEF) -**
- इसकी स्थापना 1946 में हुई थी और इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। यह एक अर्द्धस्वाशासित संस्था है। जिसका प्रमुख उदेश्य स्वास्थ्य और पौषण आदि कार्यक्रमों में माध्यम से बाल कल्याण कार्यो में साहयोग देना है। इस उदेश्य की पूर्ति के लिए यह संस्था बच्चों के स्वास्थ्य सुधार, पौष्टिक भोजन, शिक्षा व्यवस्था एवं अन्य कार्यक्रमों का संचालन करती है।
- **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम(UNDP) -**
- यह संयुक्त राष्ट्र के अभिकरणों में सर्वाधिक वृहत एवं बहुपक्षीय विकास कार्यक्रमों से युक्त है। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। इसका उदेश्य आर्थिक विकास एवं औद्योगिक विस्तार के कार्यक्रमों के लिए वितीय एवं तकनीकी सहायता देना है।
- **जनसंख्या नियंत्रण हेतु राष्ट्र कोष (UNEPA) -**
- यह 1967 में स्थापित हुआ और इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। इस संस्था का उदेश्य जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को समन्वित करना एवं उन्हें प्रोत्साहन देना है।
- **विश्व व्यापार संगठन (WTO) -**
- इसकी स्थापना 1 जनवरी 1995 को की गई और इसका मुख्यालय जेनेवा(स्विट्जरलैण्ड) में है।
- इस समय इसके सदस्य देशों की संख्या 161 है। इसका उदेश्य विश्व व्यापार को नियमित करना है। विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों के मंत्रियों की बैठक प्रत्येक 2 वर्ष में होती है।
- **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन(WIPO) -**
- यह 1967 में स्थापित हुआ एवं इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलण्ड) में है। इसका उदेश्य बौद्धिक सम्पदाओं का आकलन एवं उनसे सम्बधित समझोतों को संपन्न कराना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय शरणार्थी संगठन (UNHCR) -**
- इसकी स्थापना 1948 में की गयी और इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है। यह संस्था ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण प्रदान करती है। और शरणार्थी समस्या को निबटाने के लिए प्रयास करती है।

अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठन

- **राष्ट्रमंडल–** इसकी स्थापना 1946 में हुई थी और इसका मुख्यालय लंदन में है। मूलतः इसका नाम ब्रिटिश कॉमनवेल्थ था, परन्तु अब इसका नाम 'कॉमनवेल्थ' यानि राष्ट्रमंडल कर दिया गया है। जो भी देश पहले ग्रेट ब्रिटेन के अधीन थे , वे स्वेच्छा से इसके सदस्य बनाये जा सकते है। ब्रिटैन की महारानी इसकी अध्यक्ष है। वर्तमान में 53 देश इसके सदस्य है। जो विश्व के देशों का लगभग एक –तिहाई है। राष्ट्रमंडल के सदस्य राष्ट्र के अंदर दूसरे राष्ट्र के राजनयिक प्रतिनिधि का पदनाम उच्चायुक्त (हाई कमिश्नर) होता है। न कि राजदूत (एंबेसडर)
- **अरब लीग –** इसकी स्थापना 22 मार्च 1945 को हुई थी और इसका मुख्यालय ट्यूनीशिया में है। इसका मुख्य उदेश्य अरब देशों के बीच परस्पर आर्थिक सम्बन्धों को सुदृढ करना है। वर्तमान में 22 देश इसके सदस्य है।
- **आसियान (ASEAN)–** इसका पूरा नाम 'एसोसियेशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स(Association of south East Asian Nations)है।
- इसका गठन 7 अगस्त,1969 को हुआ और इसका मुख्यालय जकार्ता (इंडोनेशिया में है। वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 10 है। – इंडोनेशिया, थाईलैण्ड, फिलीपीन्स, मलेशिया सिंगापुर, ब्रुनेई, वियतनाम, म्यांमार, लाओस, और कम्बोडिया ।इसका उदेश्य दक्षिणी एशिया में आर्थिक प्रगति को त्वरित करना और स्थायित्व को बनाये रखना है। यह संस्था परस्पर आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, तकनीकी तथा व्यवस्थापक सहयोग करती है।
- **उतरी अंटलांटिक संधि संगठन (Nato) –** इसकी स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई और इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स(बेल्जियम) में है। इसके सदस्यों की संख्या 28 है। इसका उदेश्य परस्पर सैनिक शक्ति संतुलन बनाये रखना है। इस संस्था के किसी एक सदस्य पर बाहरी हमला सभी पर हमला माना जाता है।
- **गुट निरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement)** – द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् महाशक्तियों की गुटबाजी से अलग गुट निरपेक्ष आंदोलन का सुत्रपात 1956 में हुआ। भारत के जवाहरलाल नेहरू, मिस्त्र के कर्नल नासिर तथा युगोस्लाविया के मार्शल टीटो इस आंदोलन के संस्थापक एवं प्रेरणा स्त्रोत थे। वर्तमान में इसके 120 सदस्य है।
- **दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग सम्मेलन (SAARC)** – इसकी स्थापना 1985 में हुई थी और इसका मुख्यालय काठमाण्डु (नेपाल) में है। इसके 8 सदस्य है। –भारत, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल एवं अफगानिस्तान । इसका उदेश्य दक्षिण एशिया में सदस्य देशों के बीच परस्पर आर्थिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक आदान–प्रदान करना है।
- **युरोपियन संघ (European Union) –** इसकी स्थापना 1965 में हुई थी तथा इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में है। इसके सदस्यों की संख्या 28 है। क्रोएशिया जुलाई 2013 में युरेपियन संघ का 28 वां सदस्य बना । यह विश्व के वृहत्म और सबसे समृद्धशाली व्यापार संघ है। इस समूह के 50 करोड नागरिक विश्व की कुल सम्पदा के करी एक चौथाई का उत्पादन करते है।

- **अफ्रीकी संघ** –इसकी स्थाना स्वतंत्र अफ्रीकी देशों द्वारा मई 1963 में इथियोपिया की राजधानी अदिसअबाबा में हुई थी । इसके सदस्यों की संख्या 54 है। यह संगठन आर्थिक एवं राजनैतिक समस्याओं को, जो अफ्रीका के समक्ष उपस्थित है। , परस्पर सहयोग के माध्यम से हल करता है।
- **इन्टरपोल** – यह 190 राष्ट्रों की पुलिस की एक आयोगीय संस्था है। जिसकी स्थापना 1923 में की गयी थी । इसका मुख्यालय पेरिस(फ्रांस) में है। इसका कार्य विभिन्न राष्ट्रों में पुलिस के कार्यों को समन्वित करना तथा अन्तर्राष्ट्रीय उपराधों को रोकने एवं सम्बन्धित अपराधियों को पकडने में आवश्यक कार्यों का संयोजन करना है।
- **रेड क्रॉस** – इसकी स्थापना 1863 में जेनेवा में जे0 एच0 ड्यूनॉट के नेतृत्व में की गयी थी । यह संगठन युद्ध में आहतों एवं प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त, विश्व के किसी भी भाग के लोगों की सहायता करता है। इसे तीन बार(1917, 1944, 1963) नोबेल शांन्ति पुरस्कार दिया जा चुका है।
- **जी–8 (G-8)** – इसके प्रारंभिक सदस्यों में अमेरिका , ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, कनाडा, इटली व फ्रांस थे बाद में रूस को भी इसमें शामिल किया गया । यह विश्व के सर्वाधिक सम्पन्न व विकसित देशों का मंच है।
- **जी–20 (G-20)** – यह विश्व के 20 बडे देशों का आर्थिक मंच है। इसमें विश्व कें सात बडे औद्योगिक देशों –ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, इटली, जापान, जर्मनी, एवं अमेरिका, के साथ–साथ भारत, चीन, अर्जेन्टिना, ऑस्ट्रलिया, ब्राजील, इण्डोनेशिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका , दक्षिण कोरिया और तुर्की शामिल है। यूरोपियन संघ इसका 20 वां सदस्य है।
- **जी–77 (G-77)** – इसकी स्थापना 1967 में की गयी थी तथा इसका मुख्यालय जेनेवा में है। वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या 131 है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग और विकास को बढाना है।
- **एमनेस्टी इण्टरनेशल** – यह मानवाधिकारों से सम्बद्ध एक विश्वव्यापी संगठन है। इसकी स्थापना एक ब्रिटिश वकील पीटर बेन्सन ने 1961 में की थी और इसका मुख्यालय लन्दन में है। वर्तमान में इसके दुनिया के 150 देशों में 5 लाख से ज्यादा सदस्य है। इसे 1977 में शांन्ति का नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।
- **स्वतन्त्र राष्ट्रों का राष्ट्रकल (CIS)** – यह भूतपूर्व सांवियत संघ गणराज्य से अलग हुए 11 राष्ट्रों का समूह है। जिसे Commonwealth of Independent States(CIS)के नाम से जाना जाता है।इसकी स्थापना 21 दिसम्बर 1991 में कजाकिस्तान की राजधानी अल्माटी में हुई थी ।इसका मुख्यालय मिंस्क(बेलारूस) में है। इसके सदस्यों में आर्मेनिया, अजरबैजान, बैलारूस, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान , तुर्कमेनिस्तान , उज्बेकिस्तान, मालडोवा, रूस तथा युक्रेन शामिल है।
- **ओपेक (OPEC)** – यह Organisation of petroleum Exporting Countries(OPEC)नामक संगठन है। जिसकी स्थापना 1959 में बगदाद(इराक)में हुई ।इसका मुख्यालय विएना(ऑस्ट्रिया) मूं है। इसके सदस्य देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पाद तथा दरों पर नियन्त्रण रखना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या 12 है। जिनमें अल्जीरिया, इक्वाडोर, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, नाइजीरिया, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अंगोला तथ वेनेजुएला शामिल है।

प्रमख पुरस्कार एवं अलंकार

अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार :–

- नोबेल पुरस्कार :– विश्व के सर्वाच्च तथा सर्वाधिक पुरस्कार – राशि वाले इस अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार को उसके संस्थापक स्वीडिश रसायनशास्त्री तथा उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल(1833-86)की चिर–स्मृति में प्रत्येक वर्ष उनकी पुन्य तिथि 10 दिसम्बर को प्रदान किया जाता है। भौतिक शास्त्र, रसायनशास्त्र शारीरिक क्रिया विज्ञान एवं चिकित्सा विज्ञान, साहित्य तथा विश्व–शान्ति क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के हेतु यह पुरस्कार दिया जाता है। पुरस्कार–वितरण1901 से प्रारम्भ किया गया था। 1969 से यह यह पुरस्कार अर्थशास्त्र क्षेत्र में भी दिया जाने लगा । इस पुरस्कार में पदक , नोबेल प्रशस्ति–पत्र तथा 80 लाख स्वीडिश क्रोनर(लगभग 11,32,120 अमेरिकी डॉलर) राशि प्रदान की जाती है।
- **नोबेल पुरस्कार प्राप्त भारतीय :–**

नाम	क्षेत्र	वर्ष
रवीन्द्र नाथ टैगोर	**साहित्य**	**1913**
डॉ0 सी0 वी0 रमन	**भौतिक विज्ञान**	**1930**
डॉ0 हरगोविन्द खुराना	**चिकित्सा**	**1968**
मदर टेरेसा	**शान्ति**	**1979**
डॉ0 एस0 चन्द्रशेखर	**भौतिक विज्ञान**	**1983**
डॉ0 अमर्त्य सेन	**अर्थशास्त्र**	**1999**
वी0 एस0 नायपॉल	**साहित्य**	**2001**
वेंकटरमण रामकृष्णन	**रसायन विज्ञान**	**2009**
कैलाश सत्यार्थी	**शान्ति**	**2014**

- **रेमन मैग्सेसे पुरस्कार :–** एशिया महाद्वीप का सबसे बडा यह पुरस्कार फिलीपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति की स्मृति में वर्ष 1957 से प्रदान किया जाता है। पुरस्कार से एक स्वर्ण तथा 50,000 डॉलर प्रदान किये जाते है। यह पुरस्कार जनसेवा, सरकारी सेवा, पत्रकारिता व रचनात्मक जनसंचार, सामुदायिक नेतृत्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव क लिए प्रदान किया जाता है। इसे **एशिया का नोबेल पुरस्कार** भी कहा जाता है।
- **पुलिट्जर पुरस्कार** – 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' के प्रकाशक स्व0 जोसेफ पुलितजर की स्मृति में 1917 से कोलम्बिया विश्वविद्यालय द्वारा यह पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। इसमें जनसेवा को छोडकर प्रत्येक पुरस्कार के अन्तर्गत 10,000 डॉलर की राशि प्रदान की जाती है।
- **जवाहरलाल नेहरू अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार** :– 1965 में स्थापित यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव एवं मैत्री वृद्धि के लिये किये गये विशिष्ट योगदान हेतु प्रदान किया जाता है। इसमें 25 लाख रूपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- **इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार** :– 1986 में स्थापित यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, निरस्त्रीकरण एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किया

जाता है। इसमें विजेता को 25 लाख रूपये की नगद धनराशि , एक ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

- **ऑस्कर पुरस्कार** :– 1929 में स्थापित यह पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका की नेशनल एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स द्वारा फिल्म जगत के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। सुश्री भानू अथैया प्रथम भारतीय थी जिन्हें यह पुरस्कार दिया गया ।
- **मैन बुकर पुरस्कार** :– ब्रिटेन की संस्था बुकर मैकोनल कम्पनी एण्ड पब्लिशर्स एसोसियेश्जन के द्वारा यह पुरस्कार 1969 में स्थापित हुआ । यह प्रतिवर्ष किसी भी देश के किसी लेखक को अंग्रेजी भाषा की उत्कृष्ट रचना हेतु प्रदान किया जाता है। इसकी पुरस्कार राशि 50,000 पाउण्ड है।
- **राइट लाइवलीहुड अवॉर्ड** :– 1980 में स्थापित यह पुरस्कार लन्दन राइट लाइवलीहूड सोसायटी द्वारा पर्यावरण एवं सामाजिक न्याय क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार **वैकल्पिक नोबेल पुरस्कार** के रूप में प्रसिद्ध है।

राष्ट्रीय पुरस्कार :–

- **भारत रत्न** – 1954 में स्थापित यह भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इसे कला, साहित्य, विज्ञान, एवं सार्वजनिक सेवा या जीवन में असाधारण एवं अत्योत्तम कोटि की उपलब्धि हेतू प्रदान किया जाता है। 1954 में सर्वप्रथम यह डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी और डॉ0 चन्द्रशेखर वेंकटरमण को प्रदान किया गया था ।
- **पद्म विभुषण/पद्म भूषण/पद्म श्री**– ये पुरस्कार सरकारी कर्मचारियों द्वारा की गयी सेवा सहित किसी भी क्षेत्र में की गयी उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किये जाते है।
- **सरस्वती सम्मान**– 1991 में स्थापित यह पुरस्कार के0 के0 पिडला फाउण्डेशन द्वारा 8 वीं अनुसुची में किसी भी भाषा में गत दस वर्षो में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक कृति के लिये प्रदान किया जाता है। इसमें प्रशस्ति पत्र एवं 10 लाख रू की नकद धनराशि प्रदान की जाती है।
- **वाचस्पति पुरस्कार** – 1992 में स्थापित यह पुरस्कार के0 के0 बिडला फाण्उडेशन द्वारा संस्कृत साहित्य में विशिष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किया जाता है। इसमें प्रशस्ति पत्र तथा एक लाख रूपये की नकद धनराशि प्रदान की जाती है।
- **व्यास समान**– के0 के0 बिडला फाउण्डेशन द्वारा स्थापित यह पुरस्कार किसी एक साहित्यिक कृति को प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक प्रशस्ति पत्र तथा ढाई लाख रू की धनराशि प्रदान की जाती है।
- **अर्जुन पुरस्कार** – 1961 में स्थापित यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा विभिन्न खेलों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाडियों को प्रदान किया जाता है। इसमें अर्जुन की कांस्य प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र पांच लाख रू की नकद धनराशि और समारोह परिधान प्रदान किया जाता है।
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार** – 1985 में स्थापित यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा खेल प्रशिक्षकों द्वारा की गयी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें गुरू द्रोणाचार्य की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र, पांच लाख रू0 तथा समारोह परिधान प्रदान किया जाता है।

- **राजीव गाँधी खेल रत्न**– 1992 में स्थापित यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा खेलों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को प्रदान किया जाता है। इसमें 7.5 लाख रू0 की धनराशि एक पदक और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- **शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार** – 1957 में स्थापित यह पुरस्कार 'भारतीय औद्योगिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद (CSIR)द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है।
- **महात्मा गाँधी शान्ति पुरस्कार** – भारत सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाला यह पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति के लिए कार्यशील व्यक्तियों को दिया जाता है इसमें एक करोड रू0 की रकद धनराशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- **जमनालाल बजाज पुरस्कार** –यह पुरस्कार रचनात्मक सामाजिक कार्य क्षेत्र में महत्पपूर्ण योगदान, ग्रामीण विकास हेतू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग तथा महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान व कल्याण कार्यो हेतु प्रदान किया जाता है। इसमें पांच लाख रू प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी प्रदान की जाती है।
- **बोरलॉग पुरस्कार** – 1973 में स्थापित यह पुरस्कार 'कोरोमण्डल फर्टिलाइजर्स लि0 द्वारा कृषि क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें पांच लाख रूपये, स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- **जी0 डी0 बिडला विज्ञान पुरस्कार** – 1991 में स्थापित यह पुरस्कार के0 के0 बिडला फाउण्डेशन' द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों को उच्च स्तरीय शोधकार्यों के लिये प्रोत्साहित करने हेतु प्रदान किया जाता है। इसमें एक लाख पचास हजार रूपये की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- **दादा साहब फाल्के पुरस्कार** – 1969 में स्थापित यह पुरस्कार 'भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय ' द्वारा भारतीय सिनेमा के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रदान किया जाता है। इसमें एक स्वर्णकमल, एक प्रशस्ति पत्र दस लाख रू0 नगद तथा एक शॉल प्रदान किया जाता है।
- **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** – 1954 में स्थापित यह पुरस्कार 'भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय द्वारा भारतीय फिल्मों में उच्च स्तरीय सौन्दर्य बोध, तकनीकी कुशलता तथा शिक्षाप्रद एवं सांस्कृतिक मूल्यों में वृद्धि के लिये प्रदान किया जाता है।
- **फिल्म फेयर पुरस्कार** – 1952 में स्थापित यह पुरस्कार ' टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप' द्वारा वर्ष में प्रदर्शित भारतीय फिल्मों की प्रत्येक विधा में उत्कृष्टता हेतु प्रदान किया जाता है।
- **मिस इण्डिया** – यह पुरस्कार 'टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप' की फेमिना पत्रिका द्वारा भारतीय युवतियों के शारीरिक एवं बौद्धिक सौन्दर्य को सम्मानित करने के लिये प्रदान किया जाता है।
- **परमवीर चक्र** – देश का यह सर्वोच्च शौर्य पुरस्कार वर्ष 1947 से उस बहादूर सैनिक को प्रदान किया जाता है। जिसने शत्रु का सामना करते हुये अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया हो । 1947 में सर्वप्रथम यह मेजर सोमनाथ शर्मा (कुमाऊँ रेजीमेन्ट) को मरणोपरान्त प्रदान किया गया था ।
- **महावीर चक्र** – देश का यह द्वितीय सर्वोच्च पुरस्कार उस बहादुर सैनिक को प्रदान किया जाता है। जिसने शत्रु के दमन में अद्वितीय पराक्रम प्रदर्शित किया हो। इस पुरस्कार में भी पदक ही प्रदान किया जाता है।

- **वीर चक्र** – शौर्य एवं वीरता का तीसरा सर्वोच्च पुरस्कार उस वीर को प्रदान किया जाता है। जिसने शत्रुओं का सामना अदम्य साहस से करके उसे पीछे धकेला हो अथवा मौत के घाट उतार दिया हो –
- **अशोक चक्र**– यह पुरस्कार देश का सर्वोच्च शांतिकालीन शौर्य पुरस्कार है। यह पुरस्कार भी शौर्य प्रदर्शन में उल्लेखनीय भुमिका निभाने वाले बहादूर कर्मी को प्रदान किया जाता है।
- **कीर्ति चक्र**– शौर्य का यह पुरस्कार उस रणबांकुरे को प्रदान किया जाता है। जिसने शत्रु के मुकाबले में अभूतपूर्व साहस का प्रदर्शन किया हो ।
- **शौर्य चक्र**– युद्ध की परिस्थितियों में अद्‌भुत शौर्य प्रदर्शित करने वाले शुरवीरों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

खेल जगत

खेंलों से सम्बन्धित कुछ तथ्य

प्रमुख खेल मैदानों के माप :–

- **क्रिकेट :–** पिच की लम्बाई 20.11 मी.(22 गज), गेंद की परिधि20.79 से 22.8 सेमी, गेंद का भार 155 से 168 ग्राम, बल्ले की लम्बाई 96.5 सेमी, चौडाई 22.9 सेमी तथा भार लगभग 2 पौण्ड।
- **लॉन टनिस :–** गेंद का व्यास 2.50 से 2.58 इन्च, रंग सफेद अथवा पीला, भार 56.7 से 58.5 ग्राम, रैकेट की अधिकतम लम्बाई32 इन्च, अधिकतम चौडाई 12.50 इन्च, मैदान 78 फीट लम्बा एवं 27 फीट चौडा(एकल), 78 फीट लम्बा एवं 36 फीट लम्बा एवं 36 फीट चौडा (युगल) नेट की ऊँचाई 3 फीट।
- **फुटबॉल :–** गेंद की परिधि 68 से 71 सेमी, गेंद का भार 396 से 433 ग्राम, मैदान की लम्बाई 91 से 120 मी, मेदान की चौडाई 45 से 91 मीटर ।
- **बैडमिण्टन :–** मैदान की लम्बाई–चौडाई 20×44 फीट (युगल), मैदान की लम्बाई–चौडाई 17×44 फीट (एकल), नेट की ऊँचाई 1.5 मीटर(5फीट), पंखुडियों की संख्या 16, रैकेट का भार 85 से 140 ग्राम
- **टेबल टेनिस :– टेबल का आकार : 9×5×25** फीट, गेंद का व्यासः 37.2 से 38.2 मिमी(1.46 से 1.5 इन्च), गेंद का भार : 2.4 से 2.53 ग्राम (0.88ओंस) गेंद का रंग : सफेद अथवा पीला ।
- **हॉकी :–** मैदान की लम्बाई : 91.44 मी (100 गज,) मैदान की चौडाई : 50.55 मीटर(60 गज) गेंद की परिधि : 223 से 224 सेमी, गेंद का भार : 155 से 163 ग्राम ।
- **मुक्केबाजी :–** रिंग की लम्बाई –चौडाई कम से कम 4.9×4.9 मी^{2} तथा अधिक से अधिक 6.10×6.10 मी^{2} ,ऊँचाई : 91 से 122 सेमी तक ।
- **कुश्ती :–** अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 9 मी व्यास का एक गोलाकार प्रतियोगिता क्षेत्र तथा 1 मी. व्यास का एक केन्द्रीय वृत। गदे पर आयोजित मुकाबले में 1 : 1 मी व्यास तक का ऊंचा गद्धा ।
- **बास्केटबॉल :–** कोर्ट का आकार : 28×15 मी, रिंग का व्यासः 45 सेमी, बास्केट की लम्बाईः 40 सेमी, जमीन से बास्केट की ऊँचाईः 3.05मी, बॉल का भार 600–650 ग्राम ।

- **स्नूकर/बिलियर्ड्स :–** टेबल की लम्बाई– चौडाई : 11 फीट 8.5 ईन्च ×5 फीट 10 ईन्च टेबल की ऊँचाई : 2 फीट 9.2 इन्च से 2 फीट 10.5 इन्च , बॉल का व्यास : 52.5 मिमी, बॉल का भार : 3 ग्राम, क्यम की लम्बाई : 910मिमी(3फीट)
- **शतरंज :–** चैसबोर्ड पर खानों की संख्या : 64, खानों का रंग : काला तथा सफेद, खानों का क्रम : एक सफेद ,खाने के बाद दूसरा खाना काले रंग का , मोहरों की संख्या : 16 ।
- **पोलो :–** मैदान की लम्बाई– चौडाई : 300×150 गज(Boarded मैदान क्षेत्र की), 300×200 गज (Un-boardedमैदान क्षेत्र की), गोलों के बीच का फासला: 250 गज, गाल पोस्ट के बीच की चौडाई : 8
- **वॉलीबॉल :–** खेल क्षेत्र की लम्बाई–चौडाई : 60×30 फीट, जमीन से नेट की ऊँचाई : 8 फीट, बॉल का भार : 9–10 ओंस, बॉल की परिधि : 26–27 इन्च ।
- **बेसबॉल :–** प्रत्येक बेस की दूरी : 90 फीट , बेस की दूरी कर्ण सहित : 127 फीट
- **गोल्फ :–** छिद्र का व्यास : 4 इन्च ।
- **मैराथन दौड :–** 26 मील, 385 गज ।
- **वाटर पोलो :–** खेल क्षेत्र की लम्बाई – चौडाई : 30× 20 गज ।

विभिन्न खेलों के खेल – परिसर :–

परिसर	सम्बन्धित खेल
कोर्ट	**टेनिस, बैडमिण्टन, नेटबॉल , हैण्डबॉल ,वॉलीबॉल, स्क्वैश, खौ–खौ, कबड्डी ,**
डायमण्ड	**बेसबॉल**
रिंग	**स्केंटिग, मुक्केबाजी**
कोर्स	**गोल्फ**
पूल	**तैराकी**
ऐली	**बाउलिंग**
मैट	**जुडो, कराटे, ताईक्वान्डो**
एरीना	**घुडसवारी**
वेलोड्रम	**साइक्लिंग**
फील्ड	**पोलो, फुटबॉल, हॉकी**
बोर्ड	**टेबल टेनिस**
रेंज	**निशानेबाजी , तीरंदाजी**

प्रमुख देशों के प्रमुख खेल

देश	खेल
सं0 राज्य अमेरिका	बेसबॉल (Baseball)
इंग्लैण्ड	क्रिकेट (Cricket)
स्पेन	मानव–युद्ध, सांड–युद्ध
जापान	जुडो(Judo)
कनाडा	आइस हॉकी (Ice Hockey)
ऑस्ट्रेलिया	क्रिकेट(Cricket)
रूस	फुटबॉल(Football)
मलेशिया	बैडमिण्टन(Badminton)
चीन	टेबिल टेनिस (Table-Tennis)
भारत	हॉकी(Hockey)
पाकिस्तान	हॉकी(Hockey)
ब्राजील	फुटबॉल(Football)
खेलों में प्रत्येक पक्ष के खिलाडियों की संख्या	
बास्केटबॉल	5
बैडमिंटन	1 या 2
जिमनास्टिक	8
कबडी	7
वॉलीबॉल	6
वाटरपोलो	7
हॉकी	11
टेबल टनिस	1 या 2
क्रिकेट	11
बेसबॉल	9

लॉन टेनिस	1 या 2
फुटबॉल	11
रग्बी फुटबॉल	15
खो– खो	9

नौट :–

- मैराथन की दूरी 26 मील 385 गज या 42.195 किमी होती है।
- भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार 'राजीव गांधी खेल रत्न' सर्वप्रथम विश्वनाथन आंनद(1991–92) को प्रदान किया गया ।
- लॉन टेनिस की चार ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताएं होती है। – ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विम्बडन और अमेरिकन ओपन (आयोजन के क्रम में)
- फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट पर , ऑस्ट्रेलियन और अमेरिकन ओपन हार्ड कोर्ट पर , तथा विम्बलडन घास के मैदान पर खैला जाता है।
- एक दिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड तीन भारतीयों – सचिन तेन्दुलकर (200), वीरेन्द्र सहवाग(219), रोहित शर्मा (209), तथा न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल (237),एवं वेस्टइंडीज के क्रिस गेल(215) के नाम है।